| 1. | **Mr. Yadvinder Singh Sandhu Residing at:** House No 406, Royal Palace, 12/2, New Palasia Indore, Madhya Pradesh -452007. **Mrs. Jyoti Dubey (Co-Borrower) Residing at:** House No 406, Royal Palace, 12/2, New Palasia, Indore, Madhya Pradesh- 452007 | **"Flat/shop no. U.G.-3, Upper Ground Floor, "Anmol Sagar Darshan", Plot No. 9/1, New Palasia, Scheme No. 2-C, Indore, Total area-670 sq. ft. Boundaries: East: Flat/ Shop No. U. G. -4 West: Flat/ Shop No. U. G. -2 North: House of Shri Mehta South: Road" AND "U.G.-5, Upper Ground Floor, "Anmol Sagar Darshan", Plot No. 9/1, New Palasia, Scheme No. 2-C, Indore, Super builtup area 670 sq. ft. Boundaries: East: Flat/ Shop No. U. G. -6 West: Flat/ Shop No. U. G. -4 North: House of Shri Mehta South: Road"** | Memorandum of Deposit of Title Deeds dated 13.12.2022 |

**PLACE: INDORE, M.P.** **SD/-, AUTHORIZED OFFICER,**
**DATE : 30.08.2024** **HERO FINCORP LIMITED**

## VASTU HOUSING FINANCE CORPORATION LTD

VASTU HOUSING FINANCE

**Unit 203 & 204, 2nd Floor, "A" Wing, Navbharat Estate, Zakaria Bunder Road,Sewri (West), Mumbai 400015. Maharashtra. CIN No.: U65922MH2005PLC272501**

### SALE NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES

E-auction Sale Notice for Sale of Immovable Assets under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rule 8 (6) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002.

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower / Co-Borrower/ Mortgagor (s) that the below described immovable properties mortgaged to the Secured Creditor, the physical possession of which has been taken by the Authorised Officer of Vastu Housing Finance Corporation Limited the same shall be referred herein after as Vastu Housing Finance Corporation Limited. The Secured Assets will be sold on "As is where is", "As is what is", and "Whatever there is" basis through E-Auction.

It is hereby informed to General public that we are going to conduct public E-Auction through website https://sarfaesi.auctiontiger.net

| S N | Account No. and Name of borrower, co- borrower, Mortgagors | Date & Amount as per Demand Notice U/s 13(2) & Date of Physical Possession | Descriptions of the property/Properties | Reserve Price, Earnest Money Deposit (In Rs.) | E-Auction Date and Time, EMD Submission Last Date, Inspection Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LP0000000086515 Saleem Khan (Borrower), Farida bano (Co-Borrower) | Demand Notice Date 19-May-23 & Amt Rs. 1278831 as on 16-May-23 + Interest Cost etc. & 22-May-24 | Hn 732, Wn 08, Phn 24, Nagar Panchayat Kumbhraj, Tehsil Kumbhraj, Dist Guna,Madhya Pradesh, 473222 | Rs.1465200/- Rs.146520/- | 04-Oct-24 Timings 11:00 AM to 4:00 PM , 03-Oct-24 up to 5:00 PM., 26-Sep-24 |
| 2 | LP0000000013020 & LP0000000037628 Meharbansingh (Borrower), Maya Tanwar (Co-Borrower), Tribhuwan Singh Chouhan (Guarantor) | Demand Notice Date 19-Jul-22 & Amt Rs. 956877 & Rs.387882 as on 05-Jul-22 + Interest Cost etc. & 12-Apr-24 | Survey no 135/1 Paiki PH No 34 Gram Badripur Indore Madhya Pradesh | Rs.2700000/- Rs.270000/- | 04-Oct-24 Timings 11:00 AM to 4:00 PM , 03-Oct-24 up to 5:00 PM., 26-Sep-24 |
| 3 | HL0000000009515 AFROZ KHAN (Borrower), Ismail Khan (Co-Borrower), Badur nani Shah (Co-Borrower) | Demand Notice Date 14-Oct-21 & Amt Rs. 1207045 as on 30-Sep-21 + Interest Cost etc. & 10-Jul-24 | Survey No 571 2 2 Peki Ph No 48A Gram Dharad Tehsil and District Ratlam Madhya Pradesh, 457001 | Rs.3121000/- Rs.312100/- | 04-Oct-24 Timings 11:00 AM to 4:00 PM , 03-Oct-24 up to 5:00 PM., 26-Sep-24 |

1. All Interested participants / bidders are requested to visit the website https://sarfaesi.auctiontiger.net . For details, help, procedure and online training on e-auction, prospective bidders may contact M/S e-Procurement Technologies Pvt. Ltd. (Auctiontiger); Address : Head Office: B-705, Wall Street II, Opp. Orient Club, Near Gujrat College, Ellis Bridge, Ahmedabad – 380 006 Gujrat (India).Contact Person : Mr. Ram Sharma Contact number: 8000023297/9265562818/9265562821/079-6813 6842/6869. email id : ramprasad@auctiontiger.net , support@auctiontiger.net
2. For further details on terms and conditions please visit https://sarfaesi.auctiontiger.net to take part in e-auction.
3. For more details about the property kindly contact to Authorized officer Guna, Indore, Ratlam - Prashant Tiwari/Yogesh Singh Chouhan Contact no. 9713366413/9713056444

**THIS IS ALSO A STATUTORY 30 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 8(6) OF SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES,2002**

**Date : 03.09.2024** **Authorised officer**
**Place : Indore, Guna, Ratlam** **Vastu Housing Finance Corporation Ltd**

भोपाल से आए निर्देश के बाद लिया नाम वापस

## इंदौर के वार्ड का चुनाव आप और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे

इंदौर । कल अचानक नामांकन फार्म भरने के बाद आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। बताया जा रहा है कि भोपाल से निर्देश आया था कि कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में ही आप पार्टी काम करेगी। लोकसभा चुनाव में इंडिया गंठबंधन में कांग्रेस और आप पार्टी भी शामिल थी। इसी कारण आप पार्टी ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे, लेकिन अभी वार्ड क्रमांक 83 के उपचुनाव में आप की ओर से पारस जैन ने अपना नामांकन फार्म दाखिल कर दिया था। कल उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। इंडिया गठबंधन से समझौते के बावजूद इसके प्रत्याशी पारस जैन ने अपना नामांकन फार्म जमा कर दिया था। वहीं जिस वार्ड में चुनाव हो रहे हैं वहां अधिकतम वोटों से भाजपा जीतती आई है और ऐसे में आप पार्टी का उम्मीदवार मैदान में रहता तो वोटों का प्रतिशत प्रभावित हो सकता था। पिछली बार के निगम चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को करीब 900 वोट मिले थे। इस कारण प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने निर्देश दिया है कि हम कांग्रेस को ही सपोर्ट करेंगे, ताकि भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में मात दी जा सके। इसी वजह से प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लिया गया है।

## बाउंड्रीवाल निर्माण एवं बेरिकेटिंग हेतु स्थल का किया निरीक्षण



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने एमवाय अस्पताल परिसर में आम आवाजाही रोकने हेतु बेरिकेटिंग करने एवं जीर्णशीर्ण भवनों को हटाने के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने एमवाय अस्पताल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं बेरिकेटिंग किये जाने हेतु स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एमवाय अस्पताल परिसर में जीर्णशीर्ण भवनों की स्थिति का भी अवलोकन किया तथा उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में आम आवाजाही के मार्ग पर बेरिकेटिंग की जाये तथा जीर्णशीर्ण भवनों को हटाने की कार्यवाही की जाये। इस दौरान डॉ. सुमित शुक्ला, डॉ. अशोक यादव सहित पीडब्लूडी, पीआईयू के अधिकारी उपस्थित थे।

### पाठकनामा

## देश में बढ़ता भ्रष्टाचार-शिकंजा कसे सरकार



.. हाल ही में महाराष्ट्र में शिवाजी के स्टैच्यू गिरने से सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे. बिहार में एक नहीं अनेक पुल ढह गए. उस पर भी बिहार सरकार भ्रष्टाचार के घेरे में आई. इंदौर में भी बनते ओवर फ्लॉय गिरे और हाल ही में बारिश से सड़कें से बड़े-बड़े गढ्ढे झाँकने ही नहीं लगे बल्कि अनहोनियों को भी सांकेतिक करने लगे. बरसात पूर्व सड़कों की रिपेयरिंग भी बरसात के आते ही रफूचक्कर हो गई. देश के अन्य भागों में भी र्माण कार्यो में भ्रष्टाचार के आरोप लगते ही रहे हैं. कांग्रेस में बढ़ते भ्रष्टाचार, घोटालों को लेकर देशभर में चुनावी होहल्ला रहा. आखिर सरकार को जनता ने 2014 में पलट दिया. मध्यप्रदेश की दिग्विजयसिंह की सरकार भी सड़कों के गड्ढे ने ऐसा गड्ढे में डाला था कि आज तक वो उठ नहीं पायी. केंद्र व राज्य सरकारें देश में बढ़ते भ्रष्टाचार और उससे देश को होते भारी नुकसान को मद्देनजर रखते हुए राजनीतिक व सरकारी मशीनरी के कार्यकलापों पर पैनी नजर रखते हुए अगर कहीं कमजोरी/लापरवाही/भ्रष्टता नजर आ रही है तो उसपर सख्ती से शिकंजा कसे और देश को मजबूत बनाने के लिए भ्रष्टाचार से खोखले होते कामों को मजबूत करने का प्रयास करे ताकि हमारा देश हर तरह के भ्रष्टाचार से मुक्त होकर बेहतर सुशासनित व और अधिक जनता के लिए सुविधाजनक हो सके. क्योंकि इसका भी राजनीति को आगे बढ़ाने में प्रभाव/दुष्प्रभाव कम नहीं पड़ता है ।

**शकुंतला महेश नेनावा, 57, गिरधर नगर (तिलक नगर के पास), इंदौर (म.प्र.).... फोन.. 0731-4046326.**

### रूझान आने शुरू

महोदय


देश में कोई भी (कु) परंपरा जब शुरू होती है तो लगातार उस पर अमल होता रहता है। लोग/ सरकारें उस पर आंख मिचकर अमल करती है लेकिन जब इसके नकारात्मक परिणाम आना शुरू हो तो उनसे जो सीख ले वही आज के दौर में समझदारी है।सत्ता के लिए रेवड़ी बांटकर आर्थिक संकट से घिरे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्कू की हालत से सबक लेना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने दो माह वेतन नहीं लेने की घोषणा करके विधायकों आदि से भी ऐसी ही उम्मीद की है लेकिन इससे कुछ खास फर्क पड़ने वाला नहीं है।सभी जानते हैं कि वादे करना सहज है लेकिन सत्ता में आकर उसे यथार्थ के धरातल पर उतरना कठिन है।और वह भी जब केंद्र और राज्य में अलग-अलग दलों की सरकारें हो।केंद्र और गैर भाजपाई राज्य सरकारों के टकराव भी जग जाहिर हैं जो अंततः राज्यों के आर्थिक हितों को ही प्रभावित करते हैं। ऐसे कठिन समय में राज्य सरकारों का दायित्व बनता है कि वह अपने वादों के लिए ना सही पर जनहितों के ध्यान में रखकर केंद्र सरकार से तालमेल बना कर रखें और ज्यादा स्वाभिमान का परिचय दिए बिना जनता के बुनियादी जरूरत को पूरा करें ताकि ना जनता त्रस्त हो ना सरकारों के प्रति आक्रोश उपजे। हिमाचल के हालातो से उन सभी राज्यों की सरकारों को सबक लेना चाहिए चाहे वे किसी भी दिल की क्यों ना हो..?

**अमृतलाल मारू %रवि% इंदौर मप्र**

# कैबिनेट ने मुंबई और इंदौर के बीच 309 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी

**इंदौर। स्वीकृत परियोजना व्यावसायिक केन्द्रों मुम्बई और इंदौर को सबसे छोटे रेल मार्ग से जोड़ने के अलावा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के उन जिलों को जोड़ेगी जो अब तक रेल मार्ग से नहीं जुड़े थे, इनमें महाराष्ट्र के 2 और मध्य प्रदेश के 4 जिले शामिल परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपये है और यह 2028-29 तक पूरी हो जाएगी निर्माण के दौरान परियोजना लगभग 102 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा करेगी।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की। मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल लागत वाली नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नई लाइन सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की नए भारत की कल्पना के अनुरूप है, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर÷ बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध सम्पर्क प्रदान करेगा। यह परियोजना 2 राज्यों, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इस परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग 1,000 गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को सम्पर्क मिलेगा। परियोजना देश के पश्चिमी/दक्षिण-पश्चिमी हिस्से को मध्य भारत से जोड़ने वाला छोटा रास्ता उपलब्ध कराकर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। इससे श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन/धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। परियोजना से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर (90 बड़ी इकाइयां और 700 छोटे और मध्यम उद्योग) को जेएनपीए के गेटवे पोर्ट और अन्य राज्य बंदरगाहों से सीधा सम्पर्क मिलेगा। परियोजना मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी। जिससे देश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में इसके वितरण में सुविधा होगी। कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पीओएल आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि कार्य के परिणामस्वरूप लगभग 26 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (18 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बनडाइक्साइड उत्सर्जन (138 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा जो 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।




# अब धड़ाधड़ बदलेगी भाजपा में कुर्सियां...!

**इंदौर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री मोहन यादव अब निगम मंडलों में नियुक्तियां करने वाले हैं। साथ ही संगठन में भी बदलाव की बातें होने लगी हैं। इंदौर में भी युवाओं को मौका दिया जा सकता है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही यह माना जा रहा था कि मध्यप्रदेश में जो भंग पड़े निगम मंडल हैं, उन पर नियुक्तियां की जाएंगी। उस पर अब काम शुरू होने वाला है।**

इंदौर में भी कई दावेदार ऐसे हैं, जिनकी लाटरी लगने वाली है। सबसे पहले भाजपा के संगठन में बदलाव किया जाएगा। इसके साथ ही अब नए अध्यक्ष के लिए कुर्सी ढूंढी जा रही है। गौरव रणदिवे का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उनकी जगह पर किसी नए को तैनात किया जाना है। जिन नामों पर विचार किया जा रहा है, उस पर पहले पायदान पर पूर्व पार्षद टीनू जैन का नाम है। दिल्ली तक पकड़ रखने वाले जैन के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी राजी हो सकते हैं।

एक नंबर से जैन का टिकट तय माना जा रहा था, लेकिन यहां से कैलाश विजयवर्गीय को उतार दिया गया और जैन की इस कुर्बानी को लेकर विजयवर्गीय भी अब अपना पुराना वादा निभाएंगे। जैन का ज्यादा विरोध भी नहीं है, इसलिए उनके नाम पर सहमति भी हो सकती है। दूसरा नाम मुकेश राजावत का है, जो लम्बे समय से संगठन के भरोसे हैं। भोपाल में अरविंद भदौरिया से नजदीक होने का लाभ भी उन्हें मिल सकता है। दो बार पहले भी वो दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

तीसरा नाम नानूराम कुमावत का है। वो भी कुर्सी की दौड़ में हैं। हालांकि चार नंबर से गंगा पांडे का नाम भी सामने आ रहा है, वो भी मंत्री के करीबी माने जाते हैं। पांडे के पिता के रिश्ते रमेश मेंदोला से हैं। बताते हैं कि कभी भी इंदौर नगर अध्यक्ष का नाम तय हो सकता है। इसके अलावा आईडीए की कुर्सी पर भी कई नेताओं की नजर लगी है। परंतु यहां पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की पसंद का नेता ही आ सकता है। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे पहले जयपालसिंह चावड़ा को विदाई दी गई थी, क्योंकि उन्हें जब जिम्मेदारी दी गई थी, तब ही विरोध किया गया था। अब इस मामले में नए नेता को मौका मिल सकता है। हालांकि मोहित वर्मा का नाम सबसे ऊपर माना जा रहा है। नरेंद्रसिंह तोमर के पोते से उन्हें जिम्मेदारी मिल सकती है। तोमर भी विधानसभा अध्यक्ष हैं और तालमेल बनाने के लिए उनके समर्थक को पद दिया जा सकता है। शिवराजसिंह चौहान के कार्यकाल में तो तोमर का दबदबा था, लेकिन बाद में वो भी कमजोर कड़ी बन गए हैं। उनके समर्थकों को भी इंदौर में दिक्कतें आ रही हैं। सुदर्शन गुप्ता सहित ऐसे कई नेता हैं, जिनका राजनीतिक कॅरियर संकट में आ गया है। इंदौर के मामले में तो कैलाश विजयवर्गीय का ही दबदबा रहेगा। हालांकि यहां के प्रभारी मंत्री खुद मुख्यमंत्री हैं, उनकी हरी झंडी भी जरूरी है। परंतु मोहन यादव को लेकर ऐसा कहा जाता है कि वो कैलाश विजयवर्गीय की बात टालेंगे नहीं।

कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने एमवाय अस्पताल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# एमवाय सहित अन्य शासकीय अस्पतालों के सीसीटीवी कैमरें पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़े जाए

**इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह,पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण ने एमवाय अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था, एमरजेंसी वार्ड, उपचार कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, डॉक्टर्स एवं स्टूडेंट ड्यूटी रूम सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण के पश्चात इंदौर स्थित विभिन्न शासकीय अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी प्रबंधों की समिति की बैठक ली।**



बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिये कि एमवाय सहित अन्य अस्पतालों में लगे सीसीटीवी कंट्रोल रूम को पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाये जिससे किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की मॉनिटरिंग और बेहतर तरीके से हो सकें तथा आकस्मिक स्थिति होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सकें। उन्होंने ने सीसीटीवी कैमरों का आडिट कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने एमवाय, एमटीएच, आई हॉस्पिटल, बाणगंगा स्थित मानसिक चिकित्सालय सहित अन्य शासकीय चिकित्सालयों में सुरक्षा प्रबंधों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने इन अस्पतालों में चिकित्सकों, पेरा मेडिकल स्टॉफ आदि की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिये कि सीसीटीवी सर्विलेंस को सशक्त करते हुए माइक एड्रेस सिस्टम को बेहतर किया जाये। एमवाय, एमटीएच सहित अन्य अस्पताल परिसरों में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं पुराने जर्जर भवनों को हटाने सहित अन्य निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हॉस्पिटल केम्पस में रोशनी हेतु स्ट्रीट लाइट के बेहतर प्रबंध किये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि समिति में प्राप्त सुझाव को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। अस्पताल परिसर में तैनात निजी सुरक्षा बलों को शोल्डर कैमरे उपलब्ध कराये जाये। ब्रेथ एनालाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक में पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता ने अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों की मॉकड्रील की जाये। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अस्पताल परिसरों में बॉउंड्रीवाल निर्माण एवं जीर्णशीर्ण भवनों को तत्काल हटाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में विभिन्न शासकीय चिकित्सालयों के डॉक्टर्स ने बेहतर प्रबंधों, सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में एडिशनल सीपी श्री अमित सिंह, डीसीपी श्री हंसराज सिंह, डीन एमजीएम कॉलेज डॉ संजय दीक्षित, डॉ सुमीत शुक्ला सहित पीडब्लूडी, पीआईयू सहित विभिन्न अस्पतालों के अधीक्षक एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।

## दस दिवसीय गणेश उत्सव में समाज के 10 विधनहर्ताओ का होगा सम्मान



इंदौर। 7 सितंबर से शुरू हो रहे दस दिवसीय गणेश उत्सव के पंडाल के साथ साथ कुछ लोग ऐसे भी हे जो पूजा आराधना के साथ गणेश जी का आरती का संदेश मानव सेवा का वर्षो से साक्षात भी दे रहे हे शहर के कृष्णा मिश्रा गुरुजी अपने गणेश उत्सव की स्थापना कुष्ठ आश्रम बीमा हॉस्पिटल से शुरू करेगे गणेश की आरती जो एक मानव सेवा का संदेश देती हे उसको साक्षात रूप से चरितार्थ करेगे। (अन्धन को आंख देत कोडन को काया, बाझन को पुत्र देत ,निर्धन को माया) 7 सितंबर को कुष्ठ आश्रम में जा गणेश स्थापना कर कुष्ठ रोगियों के साथ शुरुआत करेगे एवम अंधन को आंख देत नेत्र दान शिविर( बाझन को पुत्र देत ), गर्भ के लिए इलाज करवा रही महिलाओं को हॉस्पिटल में संबोधन भिक्षुक केंद्र परदेशीपुरा( निर्धन को माया) निराश्रित में जा उनको मानवता का संदेश दे उनके जीवन के विध्नो के विध्न हरता कैसे बने इसका संदेश देगे 9 सितंबर( शिक्षा) बस्ती फाउंडेशन के द्वारा चल रहे स्लम एरिया के बच्चो को÷ आप में भी गणेश.÷ व्याख्यान देगे पीथमपुर की एक फार्मा कंपनी में श्रमिक लोगो को शिक्षा का संदेश देगे आप भी ÷बने दूसरो के जीवन के विध्नहर्ता÷ का संदेश गणेश पंडाल एवम वृद्ध आश्रम अनाथ आश्रम जा यथोचित समस्या दूर करेगे 7 सितंबर से 17 सितंबर भारत के सभी प्रमुख शहरों के गणेश दर्शन ऑनलाइन ऑनलाइन जूम सेशन में विध्नहर्ता2024 से रूबरू करवा गणेश ज्ञान,गणेश गान,गणेश ध्यान करवाएंगे.एवम शहर की समाज सेवा में कार्यरत 10 समाज सेवको को विध्नहर्ता2024 से सम्मानित करेगे अपने अंतर्राष्टीय साधकों के साथ जूम पर ÷बने किसी के जीवन के विध्नहर्ता÷ का संदेश दे सेवा कार्यो से जोड़ेंगे



## देपालपुर में पेड़ों की बलि-सरकारी भवन निर्माण के लिए सौ से अधिक पेड़ों की कटाई की योजना

देपालपुर (संदीप सेन)। ÷एक पौधा मां के नाम÷ अभियान को नजरअंदाज करते हुए, देपालपुर में सरकारी भवन निर्माण के लिए सौ से अधिक पेड़ों की कटाई की योजना बनाई जा रही है। नगर परिषद से पेड़ों को काटने की मंजूरी मांगी जा रही है। बड़े गांव के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर आशीष सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि सरकारी भवन को दूसरी जगह बनाया जाए। नगर के खजराया रोड पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास में सौ से अधिक पेड़ हैं, जिन्हें पीडब्ल्यूडी द्वारा पचास सीट के नए छात्रावास के निर्माण के लिए काटा जाना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 20 साल पुराने इन पेड़ों को बचाने के लिए नगर परिषद से अपील की गई है। जनप्रतिनिधियों का मानना है कि पेड़ों को बचाने के लिए वैकल्पिक स्थान पर भवन निर्माण किया जाना चाहिए। **प्राकृतिक धरोहर की रक्षा की मांग**-बड़े गांव के निवासियों का कहना है कि ये पेड़ न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर भी हैं। पेड़ों की कटाई से न केवल पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ेगा, बल्कि स्थानीय वन्यजीवों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। **वैकल्पिक स्थान की तलाश**-जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया है कि सरकारी भवन के निर्माण के लिए अन्य स्थानों की पहचान की जानी चाहिए, जहां पेड़ों की कटाई की आवश्यकता न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। **स्थानीय समुदाय की अपील**- स्थानीय समुदाय ने भी इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई है और प्रशासन से अपील की है कि वे पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि पेड़ों को बचाने के लिए सभी संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

**इटालियन इडियेबल्स लिमिटेड**
**(पूर्व में इटालियन इडियेबल्स प्रायवेट लिमिटेड के रूप में ज्ञात)**
**(CIN:U15141 MP 2009 PLC 022797)**
**कार्या: 309/1/1/8, ब्लाक नं. 03, मंगल उद्योग नगर, ग्राम पालदा, इन्दौर, इन्दौर मध्यप्रदेश, भारत 452020, फोन नं. +91 73128 62566**
वेबसाईट:https://ofcoursegroup.com/E-mail: italian_edibles@yahoo.com

सूचित किया जाता है कि **इटालियन इडियेबल्स लिमिटेड** (पूर्व में इटालियन इडियेबल्स प्रायवेट लिमिटेड) ('कम्पनी') के रूप में ज्ञात के सदस्यों की **चौदहवीं (14वीं)** वार्षिक साधारण सभा का आयोजन **सोमवार, 30 सितम्बर, 2024** के **दोपः 03.00 बजे (आईएसटी)** का आयोजन वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो-वीडियो मीन्स ('ओवीएएम') के माध्यम से आयोजित होगी, जिसका उद्देश्य वार्षिक साधारण सभा आहूत करने के सूचना पत्र में वर्णित कार्यवृत्त को पूर्ण करना है। एजीएम का आयोजन कम्पनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) के प्रावधानों एवं एसईबीआई (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट) विनियम, 2015 (द लिस्टिंग रेग्युलेशन) के अन्तर्गत निर्मित नियमों, कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय के द्वारा जारी सामान्य एवं सिक्यूरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (एमसीए सरक्यूलर्स एंड सेबी सरक्यूलर्स जो कि संयुक्त रूप से 'सरक्यूलर्स' के रूप में संदर्भित है) के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में किया जा रहा है।

सरक्यूलर्स के अनुपालन में कम्पनी की एजीएम की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट ('वार्षिक रिपोर्ट') समस्त सदस्यों को उनके कम्पनी/डिपाजटरी पार्टिसपेंट्स के समक्ष दर्ज ई-मेल आईडी पर प्रेषित की जावेगी। कम्पनी के सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजी जाने की व्यवस्था उपरोक्त सरक्यूलर्स के प्रावधानों के तहत समाप्त कर दी गई है। एजीएम में वीसी/ओएवीएम माध्मय से भाग लेने वाले सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की पूर्ति बाबद की जावेगी। वार्षिक रिपोर्ट की प्रति कम्पनी की वेबसाईट **https://ofcoursegroup.com** एवं स्टॉक एक्सचेंज अर्थात नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट **www.nseindia.com** एवं नेशनल सिक्यूरिटीज डिपाजटरी लिमिटेड की वेबसाईट **www.evoting.nsdl.com** से भी डाऊनलोड की जा सकती है। कम्पनी के द्वारा एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग की व्यवस्था की जा रही है एवं एजीएम में उसके समस्त सदस्यों को नेशनल सिक्यूरिटी डिपाजटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की जानी वाली इलेक्ट्रानिक पद्धति से एजीएम में रखे जाने वाले प्रस्तावों पर मताधिकार की सुविधा प्रदान की जावेगी।

कम्पनी के द्वारा एजीएम में वीसी//ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित होने वाले उन सदस्यों को मताधिकार की सुविधा प्रदान की जावेगी जिन सदस्यों के द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा एजीएम के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त प्रस्तावों पर अपने मत के अधिकार का उपयोग नहीं किया गया हो जिन सदस्यों के द्वारा एजीएम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग कर लिया गया है। वे सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग तो ले सकेंगे, परन्तु उन्हें दोबारा मताधिकार के उपयोग की पात्रता नहीं रहेगी।

वे समस्त सदस्य जिनके द्वारा डीमेटेरियलआईज्ड रूप में शेयर्स धारित किये गए हैं उन समस्त सदस्यों से निवेदन है कि वे अपने ई-मेल को संबंधित डिपाजटरी पार्टीसिपेंट्स के समक्ष दर्ज /अद्यतन करवा लें जिससे की कम्पनी के द्वारा इलेक्ट्रानिक पद्धति से समस्त सूचनाएं जिनमें वार्षिक रिपोर्ट, सूचना पत्र, इत्यादि शामिल हैं उन्हें प्रेषित की जा सके। अगर सदस्यों के ई-मेल कम्पनी डिपाजटरी के समक्ष पूर्व से दर्ज है, तो ई-वोटिंग के लिए लॉगईन विवरण एजीएम के सूचना पत्र में वर्णित है तथा उन सदस्यों को उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दी जावेगी।

जिन सदस्यों के द्वारा अपने ई-मेल पते डिपाजटरी या अन्य किसी के भी समक्ष दर्ज नहीं करवाये हैं तथा उन्होंने कम्पनी के द्वारा अपने सदस्यों को इलक्ट्रॉनिक पद्धति से सूचना भेजे जाने के बाद सदस्यता हासिल की गई है एवं वे कट-ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2024 को शेयर्स धारित करते हैं वे सदस्य अपने लॉगइन आईडी और पासवर्ड **evoting@nsdl.co.in** पर ईमेल द्वारा अनुरोध कर प्राप्त कर सकते हैं। अगर, सदस्य एनसीडीएल के समक्ष पूर्व से ई-वोटिंग हेतु पंजीकृत है तो वे अपने वर्तमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का मताधिकार हेतु उपयोग कर सकते हैं।

**इटालियन इडियेबल्स लिमिटेड तर्फे**
**(पूर्व में इटालियन इडियेबल्स प्रायवेट लिमिटेड केरूप में ज्ञात)**
**स्थानः इन्दौर** — **हस्ता/- अजय माखिजा**
**दिनांक : 3 सितम्बर 2024** — **प्रबंध निदेशक, डीआईएनः 02847288**